मूल्य 1 रु.
वर्षः 11 - अंक : 227, मुंबई, गुरुवार, 28 अक्टूबर, 2021 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर






# माफिया

## क्रूज ड्रग्स पार्टी में मौजूद इंटरनेशनल ड्रग माफिया और उसकी माशूका को वानखेड़े ने नहीं पकड़ा



**मुंबई।** राकापा के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नवाब मलिक ने आर्यन खान ड्रग्स मामले में एक नया 'खुलासा' करते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि NCB ने टारगेट कर कुछ लोगों को पकड़ने के लिए शिप पर रेड की थी। उन्होंने वानखेड़े पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्टी में एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग माफिया था, जिसे जानबूझकर जाने दिया गया। क्रूज ड्रग्स पार्टी में मौजूद इंटरनेशनल ड्रग माफिया और उसकी माशूका को वानखेड़े ने नहीं पकड़ा मलिक ने कहा- इसी दाढ़ी वाले माफिया ने ड्रग पार्टी का आयोजन किया था। मलिक ने कहा कि उसकी गर्लफ्रेंड की तस्वीरें भी उनके पास है, जिसमें वह बंदूक के साथ नजर आ रही है। मलिक ने कहा कि मुझे लगता है कि दाढ़ी वाले की वानखेड़े से मित्रता है। हालांकि मलिक ने मीडिया को अभी उनकी तस्वीरें और वीडियो जारी नहीं किए हैं। उन्होंने यह जरूर कहा कि हमने इसे ठउइ अधिकारियों को दे दिया है और अगर वे जांच नहीं करेंगे तो हम इन्हें पब्लिक कर देंगे। मलिक ने कहा कि अगर कोई आंखों पर पट्टी बांध ले तो उसे खोलना मेरा फर्ज है। खेल तो हो गया, लेकिन दाढ़ी वाला खिलाड़ी खुला क्यों घूम रहा है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## दमण के जुगार खानो के धंधों में पुलिस की हिस्सेदारी?



**आईपीएस विक्रमजीत सिंह से सामजिक संस्था के लोगो ने अपील की है की दमण के कच्चीगांव में गिरीश भाई, रमेश चट्टा व सूरत का रहने वाला फिरोज भाई के देखरेख में जुगार का धंधा चल रहा है। अवैध धंदो पर जल्द से जल्द कड़ी करवाई की जाये और इसको तुरंत बंद करने के आदेश दिए जाये। गिरीश भाई, रमेश चट्टा व फिरोज भाई के ऊपर कड़ी से कड़ी करवाई की जाये ताकि आनेवाले कल में कोई ऐसे जुगार खाना चलाने की हिम्मत न कर सके और विक्रमजीत सिंह इस मामले को अनदेखा ना किया जाये और सामाजिक संस्था के लोगो ने विक्रमजीत सिंह से अपील की है।**



**दमण।** दमण में अवैध रूप से चलने वाले जुगार के धंधों की भरमार है। अखबारों में बार बार खबरें प्रकाशित होने के बाद भी पुलिस प्रशासन कर्तव्यविमूढ़ है। ऐसा लगता है कि अपने देश में बेईमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ना टेढ़ी खीर साबित हो रही है। सरकारी तंत्र भ्रष्टाचार की चाशनी में ऐसा नहाया हुआ है कि उसे हमाम के साबुन से कितना भी नहलाओ लेकिन वो निकलने वाला नहीं है। अब तो पुलिस प्रशासन भी भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबा हुआ है। मटके और जुगार के धंधों में पुलिस प्रशासन की हिस्सेदारी ये दशार्ता है कि कानून व्यवस्था का कितना मजाक उड़ाया जा रहा है। यही कारण है कि जुगार जैसे अवैध धंधा करने वालों पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## नेवी कमांडर सहित पांच गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भारतीय नौसेना की किलो क्लास पनडुब्बी की गोपनीय जानकारी लीक करने के आरोप में एक नेवी कमांडर सहित पांच लोगों को मुंबई से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि सीबीआई ने पिछले महीने एक सीक्रेट ऑपरेशन की शुरूआत की थी जिसमें नौसेना के दो रिटायर्ड कर्मियों और अधिकारियों के अलावा और कई लोगों को हिरासत में लिया गया था। (शेष पृष्ठ 3 पर)



## मुंबई में बाइक के बाद ऑटो रिक्शा से जानलेवा स्टंट

मीरा रोड पूर्व के कनकिया परिसर में मौजूद एल आर तिवारी कॉलेज और सेवन इलेवन होटल के करीब खुली सड़क पर सुबह और शाम के वक्त बाइक और ऑटो सवार जान जोखिम में डालकर कर स्टंट करते नजर आते हैं। स्थानीय नागरिकों ने एक ऑटो वाले द्वारा स्टंट करते समय का वीडियो अपनी मोबाइल में कैद किया है। जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि किस तरह ऑटो चालक बिना किसी डर के अपने ऑटो को तेज रफ्तार में लाकर उसे दो पहियों पर घुमा रहा है। ऐसे में ये सवाल उठना लाजमी है कि नागरिकों की शिकायत के बावजूद मीरा रोड पुलिस और ट्रैफिक विभाग इन स्टंटबाजों पर लगाम क्यों नहीं लगा रही है।



## मुंबई के दादर इलाके में बेस्ट बस और डंपर में भिड़ंत, आठ लोग घायल

मुंबई के दादर इलाके में एक बेस्ट बस ने आगे चल रहे डंपर को जोरदार टक्कर मार दी। इस एक्सीडेंट की वजह से बस में सवार यात्रियों में से 8 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी सायन अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मामले की जांच शुरू है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### ताकि न बढ़े संक्रमण

रूस और ब्रिटेन में कोविड-19 के नए मामलों में वृद्धि की खबर के बाद अब चीन के शहर लानझोऊ में लॉकडाउन की वापसी कुछ चिंतित करने वाली है। लगभग 40 लाख की आबादी वाले लानझोऊ में मंगलवार से पूर्णबंदी लागू कर दी गई। इधर भारत में भी पश्चिम बंगाल में नए मामलों में वृद्धि को दुर्गा पूजा के दौरान लोगों द्वारा बरती गई असावधानी से जोड़कर देखा जा रहा है। गौरतलब है कि चीन हो या भारत, दोनों देश अपने-अपने यहां 100 करोड़ से अधिक खुराक दे चुके हैं और दोनों जगह पिछले कई हफ्तों से नए मामलों में उतार का क्रम देखा जा रहा था। ऐसे में, कुछ इलाकों में यदि नई बढ़ोतरी दिख रही है, तो स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ केंद्रीय नियंत्रण बोर्ड को भी अतिरिक्त चौकसी बरतनी पड़ेगी। एक लंबे त्रासद अनुभव के बाद दुनिया भर में जिंदगी आहिस्ता-आहिस्ता अपनी लय में लौट रही है। देश की अर्थव्यवस्था के साथ-साथ आम आदमी की माली हालत भी अब और अधिक पाबंदी झेल सकने की स्थिति में नहीं है, यह देखते हुए ही भारत सरकार ने भी देश में लगभग सभी गतिविधियों को शुरू करने की इजाजत दी। हालांकि, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और सरकार, स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार आगाह करते रहे हैं कि अभी कोरोना खत्म नहीं हुआ है, इसलिए किसी तरह की सार्वजनिक लापरवाही या प्रशासनिक उदासीनता घातक हो सकती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि 100 करोड़ टीके की उपलब्धि और दैनिक मामलों के लगातार 20 हजार के नीचे बने रहने से देश के लोगों में सुरक्षा बोध गहरा हुआ है। लेकिन जिस तरह से लानझोऊ में डेल्टा वेरिएंट ने विषम परिस्थिति पैदा की है, वह आंखें खोलने के लिए काफी है। फिर इस वायरस की प्रकृति को लेकर भी वैज्ञानिक अभी तक अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंचे हैं। भारत के लिए अभी अतिरिक्त सावधानी इसलिए भी जरूरी है कि यह त्योहारी मौसम है। दिवाली, छठ, क्रिसमस जैसे बड़े पर्व-त्योहार आने वाले हैं और इस दौरान बड़े पैमाने पर भीड़भाड़ की आशंका होगी। हम पिछले कई अवसरों पर देख चुके हैं कि सार्वजनिक आयोजनों के बाद अचानक मामले बढ़ गए और मजबूरी में कई आयोजन रद्द करने पड़े। इसलिए यह समय जोश और होश के सही संतुलन का है। उत्साह में कोई कमी लाए बगैर थोड़ी सी सजगता से त्योहारों का लुत्फ उठाया जा सकता है। लेकिन इन दिनों बाजारों में जो भीड़ दिख रही है, उसमें कई सारे लोगों को बिना मास्क के देखा जा सकता है। ऐसे लोगों को एक तथ्य याद दिलाने की जरूरत है कि वैक्सीन बनाने वाली किसी भी कंपनी ने शत-प्रतिशत सुरक्षा का दावा नहीं किया है। निस्संदेह, पूर्ण टीकाकरण वायरस के बहुत घातक असर से हमें एक सुरक्षा कवच देता है। लेकिन किसी भी आशंका को निर्मूल करने का एकमात्र रास्ता अभी कुछ माह तक एहतियात बरतना ही है। ऐसे भी ब्योरे मिले हैं कि करोड़ों की तादाद में लोग अपनी दूसरी खुराक लेने नहीं पहुंचे। यह खतरनाक प्रवृत्ति है, जो इस महा-अभियान के लक्ष्य को गंभीर चोट पहुंचा सकती है। इसलिए, राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासन को मुस्तैदी के साथ पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना होगा। खासकर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड की सरकारों को अधिक सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि वहां बड़ी संख्या में दूसरे प्रदेशों से लोग दीपावली-छठ मनाने पहुंचेंगे।

# नायक, खलनायक और खिलवाड़







**मुंबई** ड्रग्स केस बॉलीवुड के फिल्म जैसा हो गया है। क्रूज पर नशे की पार्टी का कथित आयोजन, एक नामचीन अभिनेता के बेटे की गिरफ्तारी, कुछ अन्य सितारों की संतानों तक जांच की आंच, छापेमारी करने वाले अधिकारी का हीरो बनना और अब उसे खलनायक साबित करने की कोशिश, यानी फंतासी के तमाम रूप इस पूरे घटनाक्रम में हैं। जाहिर है, इसने पूरे मामले को परिहास का भी विषय बना दिया है। पिछले कुछ महीनों की घटनाएं देखें, तो महाराष्ट्र पुलिस की कई आंतरिक गड़बड़ियां उजागर होती हैं। ये समस्याएं अलहदा भी नहीं हैं। कुछ भ्रष्ट राजनेताओं और पुलिसकर्मियों का यह ऐसा नापाक गठजोड़ है, जो पूरे तंत्र की छीछालेदर करवा रहा है। यह गठबंधन वसूली करने के लिए चुपके से एक-दूसरे की मदद करता है। इसकी जड़ें काफी गहरी प्रतीत हो रही हैं। इसका नुकसान यह होता है कि बड़े से बड़ा अधिकारी भी, जो अपने महकमे का सबसे जिम्मेदारी भरा पद संभाल रहा होता है, इस दाग से मुक्त नहीं हो पाता। उसकी छवि भी धूमिल हो जाती है। उस पर भी तमाम तरह के आरोप उछाले जाते हैं।

फिर चाहे वह न जाने कितने वर्षों से अपनी सेवा दे रहा हो! यह प्रवृत्ति वाकई गौर करने लायक है कि जो अधिकारी अपने काम-काज से समाज में आदर्श का एक मानक गढ़ता है, उसी पर इस तरह के आरोप लगते हैं कि न सिर्फ उसकी, बल्कि पूरे विभाग की कार्यशैली शक के घेरे में आ जाती है। ऐसे मामलों में कितनी सच्चाई होती है, इसे गुजरात के इशरत जहां एनकाउंटर से भी समझा जा सकता है। इशरत जहां और उसके तीन साथियों को सन-2004 में एक पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया गया था। तब इस मुठभेड़ को लेकर खूब हाय-तौबा मचाई गई। पुलिस के उस दावे को खारिज करने की पूरी कोशिश हुई कि मारे गए चारों लोग लश्कर-ए-तैयबा के सदस्य थे और आतंकी वारदात की साजिश में शामिल थे। पर अब सीबीआई अदालत ने भी मान लिया है कि इशरत लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ी हुई थी। यहां इसका यह अर्थ नहीं निकालना चाहिए कि कानून लागू करने वाली इन एजेंसियों में सब कुछ साफ-सुथरा है। भ्रष्टाचार यहां भी गहरी पैठ बना चुका है। मगर इसकी मूल वजह सरकार और सत्ता द्वारा असांविधानिक तरीके से अपनी ताकत का इस्तेमाल करना है। अपने हित के लिए राजनेता परदे के पीछे से अधिकारियों पर दबाव बनाने की हरसंभव कोशिश करते हैं। कुछ इसमें सफल होते हैं, तो कुछ को मुंह की खानी पड़ती है। समीर वानखेड़े के मामले में केंद्र और राज्य, दोनों दो दिशा में काम करते दिख रहे हैं। ऐसा महसूस हो रहा है कि राज्य सरकार केंद्रीय एजेंसी के कामकाज में दखल देना चाहती है। समीर भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी हैं, इसलिए वह केंद्र सरकार के अधीन काम कर रहे हैं। मगर उन पर मुंबई के सत्तारूढ़ दल के मंत्री लगातार आरोप लगा रहे हैं। यह एक नई प्रवृत्ति है, जो अप्रत्याशित है। इससे काम-काज में रुकावट पैदा होती है। आलम यह है कि इस मामले में जिन लोगों को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने पकड़ा है, उनकी धार्मिक पहचान बताई जा रही है और यह साबित करने की कोशिश हो रही है कि धर्म विशेष के प्रति अधिकारी ने दुराग्रह के तहत कार्रवाई की है। आरोपियों को तंत्र का शिकार बताया जा रहा है। जबकि, इन आरोपों में शायद ही दम है। समीर चूंकि राजस्व सेवा में हैं, इसलिए राज्य सरकार को उनके खिलाफ कार्रवाई करने या काउंटर केस का अधिकार नहीं है। निस्संदेह, अदालत भी इस बिंदु पर गौर करेगी और राज्य को चेता सकती है कि यह उसका विषय नहीं है या वह इसके लिए जिम्मेदार नहीं है। समीर अगर आंतरिक जांच में दोषी भी पाए जाते हैं, तो उन पर विभाग स्वयं कार्रवाई करेगा। अनुशासन समिति उनका भाग्य तय करेगी। राज्य सरकार का इससे कोई लेना-देना नहीं होना चाहिए। फिर, उनके परिवार को भी कठघरे में खड़ा करने की कोशिश हो रही है, जिससे अंततः विभाग के मनोबल पर नकारात्मक असर पड़ता है। जूनियर अधिकारी यही समझते हैं कि रसूखदारों से टकराने का खामियाजा उनके वरिष्ठ को भुगतना पड़ रहा है। रही बात रिश्वतखोरी के आरोपों की, तो इसकी सच्चाई अभी साबित होनी है। कहा जा रहा है कि फोन पर लेन-देन की सहमति बनी, आमने-सामने कोई मुलाकात नहीं हुई। यह काफी उलझन भरा आरोप लगता है। ऐसे आरोप आमतौर पर मूल मामले से ध्यान भटकाने के लिए भी उछाले जाते हैं।

आखिर कौन अधिकारी एक हाई-प्रोफाइल केस में इस तरह से रिश्वत मांगने का जोखिम लेगा? गवाह के हलफनामे की हकीकत भी अभी सामने आनी बाकी है। अगर इस मामले में एनसीबी के हाथ खाली होते, या जान-बूझकर आर्यन खान को फंसाने की जरा सी भी कोशिश की गई होती, तो अदालत इतने दिनों तक आर्यन को सलाखों के भीतर नहीं रखती। उसे बार-बार मौका दिया गया और हर बार नए सिरे से पूरे मामले को परखा गया। अगर यह मान भी लें कि समीर वानखेड़े ने इस पूरे मामले में आर्यन को जबरन फंसाया है, तो क्या अदालत को भी मैनेज किया जा रहा है? कतई नहीं। निश्चय ही, अदालत के सामने कोई खास खुबूत पेश किया गया होगा। बहरहाल, इस पूरे मामले का अंतिम अंजाम जो भी हो, लेकिन पूरे महकमे के भ्रष्ट अथवा दागी होने जैसी आम धारणा को तोड़ने का वक्त अब आ गया है। समीर अगर दोषी पाए जाते हैं, तो निश्चय ही उन पर कानून सम्मत कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन साथ-साथ इस प्रवृत्ति पर भी चोट करने की जरूरत है कि आखिर क्यों एक नायक को खलनायक बनाने का हरसंभव प्रयास किया जाता है? और, इसके लिए जरूरी है, भ्रष्ट राजनेता और भ्रष्ट पुलिसकर्मियों का गठजोड़ तोड़ना। इस दिशा में यदि हम आगे बढ़ें, तो कहीं बेहतर सांविधानिक व्यवस्था कायम कर सकेंगे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# दिवा परिसर में मानपा प्रशासन द्वारा की गई तोड़ू कार्रवाई



**संवाददाता/समद खान**

**दिवा।** दिवा रेलवे स्टेशन रोड पर मनपा प्रशासन द्वारा तोडक  कार्यवाही की गई। जिसमें मनपा द्वारा छह इमारतों को पोकलेन की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। इन इमारतों में करीब 146 मकान और 30 दुकान बनाई गई थी रहवासियों द्वारा यह बताया जा रहा है। यह इमारतों को लेकर कोर्ट का दरवाजा भी खटखटाया था और कल सुनवाई के लिए रखा गया था। लेकिन फिर भी आज मनपा प्रशासन ने यह तोड़ू कार्रवाई कर दी। हम लोगों को घर का सामान तक निकालने नहीं दिया और घर से बेघर कर दिया दिवाली का त्यौहार भी मनाने हम लोगों को नहीं मिला। अगर कार्यवाही करनी थी तो दिवाली बात करते मकान मालिकको ने है अपने घर बचाने के लिए भरपूर विरोध प्रदर्शन भी किया। परंतु पुलिस बंदोबस्त के आगे इन रहवासियों की एक न चली दूसरी ओर मनपा प्रशासन द्वारा की गई। बड़ी कार्रवाई 27 अक्टूबर बुधवार को सवेरे 11:00 बजे से पूरे पुलिस दल के साथ यह कार्यवाही को अंजाम दिया गया। मनपा प्रशासन के अधिकारी मनीष जोशी द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जो इमारतों को ध्वस्त किया जा रहा है। उन इमारतों की जगह पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा रेल पटरी पर रास्ता पार करते वक्त हो रहे दुर्घटनाओं को मद्देनजर रखते हुए यह फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण करना बेहद आवश्यक था क्योंकि यह इमारत निर्माण होने जा रहा फ्लाई ओवर ब्रिज के मध्यअंतर आ रही थी उसी कारण को देखते हुए। यह कार्रवाई को अंजाम दिया गया हालांकि हमने मकान मालिकों के लिए पडला गांव में पुनर्वासन दिया है। जबकि इस इमारत में जो भी रहवासी रह रहे थे वह सभी किराएदार है और मानपा यह कह रही है। अगर दिवाली ही मनानी है तो अपने खुद के घर में मनाई जाए यह तो इल्लीगल है आपको लीगल मकान दिया जा रहा है उसमें दिवाली मनाएं लेकिन मकान मालिकों द्वारा यह मांग की जा रही है। पुनर्वासन हमको पड़ला गांव में नहीं देते हुए दिवा परिसर में ही दिया जाए अब देखने वाली बात यह होगी क्या मानपा प्रशासन इन मकान मालिकों को दिवा परिसर में ही पुनर्वासन देगी या पडला गांव में यह इस समय ही बताएगा।

# रामनगर हत्याकांड में महिला से गैंगरेप कर की गई थी हत्या




बगहा पुलिस जिला के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौरा गांव में शुक्रवार को मवेशियों के चार लाने  सरेह  में गई दलित महिला की अपराधियों ने मौत के घाट उतार दिया था जिसका  शव शनिवार की सुबह खेत देखने गए ग्रामीणों ने गन्ने के खेत में मृत देख पुलिस को सूचना दिया था जिस मामले को लेकर पुलिस शनिवार की देर शाम तक घटनास्थल के पास सबूत जुटाने का प्रयास करती रही। आखिरकर  शनिवार की शाम डॉग स्क्वायड की सहायता से पुलिस ने दोषियों के खिलाफ सबूत जुटाने में कामयाब हासिल कर ही लिया जिसको लेकर फॉरेंसिक टीम के सदस्यों ने आकर मामले की सूक्ष्मता से जांच की। जांच के दौरान शक के आधार पर दो लोग गांव के हैं जिन्हें पुलिस द्वारा  गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए दो आरोपियों  से गहन पूछताछ के दौरान गवाही के आधार पर मिली जानकारी के अनुसार पुलिस रेप के बाकी आरोपियों की शिनाख्त  करने में जुट गई है। बताते चले कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पुलिस के समक्ष दुष्कर्म की बात कबूली की है। साथ ही उनके वारदात में शामिल अन्य अपने साथियों के नाम भी उजागर किए है जिनके द्वारा बताया गया  नाम के आधार पर पुलिस अग्रिम करवाई में जुट गई है मृतका के पति के बड़े भाई रामेश्वर राम पिता इनर राम के आवेदन पर स्थानीय थाना में  कांड  दर्ज कराई  गई है जिसमे  दो को नामजद करते हुए अन्य को आरोपी  बनाया गया। जिनकी धरपकड़ करने में पुलिस जुट गई है  घटना की जानकारी देते हुए रामनगर एसडीपीओ  सत्यनारायण राम ने बताया कि दलित महिला की हत्या और गैंग रेप के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वही आरोपियों से पूछताछ में  अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है  पुलिस उनकी शिनाख्त पर संदिग्धों के मोबाइल टावर का लोकेशन ट्रेस कर रही है जल्द ही जाल बिछा कर गिरफ्त कर ली जाएगी।





# मुबई महंमद अली रोड उल्मा बोडका सत्कार समारोह संपन्न

मुबई महंमद अली रोड उल्मा बोड के चेरमेन आरिफ बापु मेमन की अगुवाई मे पिछले दीनो मुबई के मरिन लाईन मुस्लिम जीम खाना पे पिछले कोरोना दरमियान कोरोना पिडीत लोगोकी सेवा करने वाले सामाजिक कार्यकरताओ ओर विशेष तोरपे सरकारी तंत्र के अधिकारी समेट अन्य महीला सामाजिक कार्यकरताओ का सत्कार किया गया ईश सत्कार समारोह मे महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के ईलावा फिल्मी हभीनेत्री नगमा पर्व विधायक अतुल मेता डाक्टर रजाक होली मुबई मेमन जमात प्रेसिडेंट ओर कही उल्माऐ ईकरम के ईलावा हिन्दु मुस्लिम धर्म गुरूओ उपस्थित रयेथे जीनके वरद हस्ते  समाज सेवीओका मान संन्मान कियागया ये पुरा सत्कार समारोह का सफल आयोजन उल्मा बोड के चेरमेन आरिफ बापु मेमन ओर ओनका कार्यकरताओ द्वारा किया गया उसदोरान कि तस्वीर रिपोर्ट बाई मुबई हलचल महंमद अली रोड मुबई।

# (पृष्ठ 1 का शेष भाग)

**दमण के जुगार खानो  के धंधों में ...**

इस अवैध धंधों के कारण कितने परिवार बर्बाद हो रहे हैं परंतु न ही सरकार को इसकी चिंता है और न ही पुलिस प्रशासन को। सामाजिक संगठनों व जागरूक नागरिकों का कहना है कि शिकायत के बावजूद पुलिस के आला अधिकारी और सरकार के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है। मिली जानकारी के अनुसार सरकार द्वारा जुगार क्लब एवं झट-पट लाटरी पर प्रतिबन्ध लगाने के  बावजूद भी दमण के कच्चीगांव में गिरीश भाई, रमेश चट्टा व सूरत का रहने वाला फिरोज भाई के देखरेख में जुगार का धंधा चल रहा है। इसके अलावा तीन रास्ता सोमनाथ किंग बार में प्रवीण भाई, धूरिया भाई और केवड़ी में सूरत का रहने वाला आशिफ भाई जुगार का धंधा चला रहा है।

जबकि वर्तमान समय में दादरा नगर हवेली में लोकसभा का उप चुनाव चल रहा और वहीं बगल में दमन में जुगार का धंधा। ऐसा लगता है कि जैसे दिवाली की कमाई के लिए दमन पुलिस ने जुंवा के कारोबार के लिए टेंडर निकाला हो। क्योंकि जिस तरह से खुलेआम जुगारी दमन में जुगार का धंधा बेखौफ होकर चला रहे हैं उससे तो यही लगता है कि पुलिस प्रशासन दादरा नगर हवेली प्रशासक के उफचुनाव में व्यस्त होने का नाजायज फायदा उठा रही है।

**क्रूज ड्रग्स पार्टी में मौजूद इंटरनेशनल ड्रग ...**

मलिक ने कहा, 'हम मांग करते हैं कि समीर वानखेड़े, गोसावी, प्रभाकर और समीर वानखेड़े के चालक माने की CDR रिपोर्ट जारी की जाए। मैं अभी NCB पर सवाल नहीं उठाऊंगा, क्योंकि NCB शायद हमसे चार कदम आगे है।' एक और मुद्दा यह है कि एक मामला पिछले एक साल से लंबित है। एक FIR के आधार पर दीपिका पादुकोण, सारा अली खान, श्रद्धा कपूर को सिर्फ वॉट्सऐप चैट के आधार पर पूछताछ के लिए बुलाया गया था। हालांकि उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। इस पर भी खुलासा होना चाहिए। नवाब मलिक को क्रूज ड्रग्स केस में बयानबाजी से दूर रखने के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट में जनहित याचिका (PIL) दायर की गई है। मुंबई के बिजनेसमैन और मौलाना कौसर अली की तरफ से ये अर्जी लगाई गई है। कौसर का कहना है कि NCB के जोनल डायरेक्टर समीर वानखेड़े भ्रष्ट नहीं हैं और वे ड्रग्स मामलों को अच्छी तरह हैंडल करते हैं। साथ ही कहा है कि नवाब मलिक के ट्वीट और बयान सिर्फ वानखेड़े और उनकी टीम को मनोबल गिरा रहे हैं। इस बीच, भाजपा नेता अमित मालवीय ने नवाब मलिक पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि मलिक के दामाद को ठउइ ने गिरफ्तार किया था। नौ महीने बाद उनकी सितंबर में रिहाई हुई। यही वजह है कि वे समीर वानखेड़े और NCB से खुन्नस निकाल रहे हैं।

**नेवी कमांडर सहित पांच ...**

एजेंसी के अधिकारियों ने बताया है कि इस मामले में सीबीआई ने अब तक दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद सहित कुल 19 स्थानों पर तलाशी ली है, जहां से जांच एजेंसी को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ-साथ डिजिटल रूप में सबूत हाथ लगे हैं। मामले की जांच अभी चल रही है। आरोप है कि कमांडर ने कथित तौर पर दो सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ किलो क्लास श्रेणी की पनडुब्बी की चल रही आधुनिकीकरण परियोजना के बारे में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की थी। अधिकारी ने कहा कि एजेंसी की एंटी करप्शन यूनिट, जो कि संवेदनशील और भ्रष्टाचार के हाई प्रोफाइल मामलों को देखती है, को इस संबंध में जानकारी लीक होने का पता लगाने का काम दिया गया था। जिसके बाद इस ऑपरेशन की शुरूआत हुई।

# भाजपा ने राज्यपाल से नवाब मलिक पर कारवाई की मांग की

**प्रतिनिधी,**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में सरकार में बैठे हुए लोग जिस तरह से कानून की धज्जियां उड़ा रहे है, खुलेआम धमकियां दे रहे है, यह महाराष्ट्र के स्वर्णिम इतिहास में काला पृष्ठ है। आज नवाब मलिक जिस तरह से एक सरकारी अधिकारी को धमका रहे है, इसके विरोध में भाजपा मुंबई अध्यक्ष व विधायक श्री मंगलप्रभात लोढ़ा जी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधी मंड़ल दल राज्यपाल महामहिम श्री भगत सिंह कोश्यारी जी से मिला। उन्होंने राज्यपाल महामहिम श्री भगत सिंह कोश्यारी जी से निवेदन किया कि आप अब इसमें हस्तक्षेप करे और जिस तरह से कानून व्यवस्था चरमारा रही है, और सरकारी अधिकारियों को धमकाने का कांड शुरू हुआ है, उस कांड के दोषी लोगों को सजा मिलनी चाहिए। भाजपा मुंबई अध्यक्ष व विधायक श्री मंगलप्रभात लोढ़ा जी ने कहा कि नवाब मलिक जी को यदि सरकारी अधिकारियों को धमकियां देनी है तो पहले अपने पद से इस्तिफा दे। इस तरह से सरकारी पद का दुरूपयोग करना किसी दृष्टि से उचित नहीं है। राज्यपाल महामहिम श्री भगत सिंह कोश्यारी जी ने ध्यान से उनकी बातों को सुना तथा उनके प्रतिवेदन को स्वीकार किया। भाजपा मुंबई अध्यक्ष व विधायक श्री मंगलप्रभात लोढ़ा जी ने कहा कि वह अगले कुछ दिनों तक राज्यपाल महामहिम श्री भगत सिंह कोश्यारी जी द्वारा उठाये जानेवाले कदमों की प्रतिक्षा करेंगे। सरकारी पद के दुरूपयोग की यह घटनाए अगर महाराष्ट्र में नहीं रूकी तो, भाजपा इस संबंध में राष्ट्रपति, गृहमंत्री से मुलाकात करेगी, और जरूरत पड़ी तो कोर्ट में भी जायेगी। इस अवसर पर उनके साथ श्री अमरजीत मिश्रा, उपाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, दक्षिण मुंबई जिला अध्यक्ष श्री शरद चिंतनकर उपस्थित थे।





# जलाओगे दिए,तो कुम्हार का घर भी होगा रोशन-सरदार पतविंदर सिंह

**संवाददाता/ विद्या शंकर शुक्ला,**

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, मंडल प्रभारी(लेंडियारी)सरदार पतविंदर सिंह ने मंगलवार को अपने साथियों के साथ पिछले कई दिनों से नैनी प्रयागराज के विभिन्न मोहल्ले-मोहल्ले मे भ्रमण कर लोगों के बीच में यह संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं कि कुम्हार का घर रोशन करने के लिए दियाली का करें प्रयोग सरदार पतविंदर सिंह जन जागरूकता करते हुए लोगों से अपील की दिन रात मेहनत कर दियाली बनाने वाले कुम्हार के घर रोशन करने के लिए मिट्टी की दियाली का उपयोग करें जिससे कुम्हार के घर खुशहाली व उमंग उत्पन्न हो सके अंधेरा कैसा भी हो किसी भी रूप में हो उससे निकलने का एक ही जरिया है दिया जलाएं सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि इस दीपावली में लोग मिट्टी की दिवाली खरीदेंगे और मां लक्ष्मी को मनाएंगे जहां लोगों का पूजा संपन्न होगा वही कुम्हार के घर की भी माली हालत में सुधार होगा दीपावली पर धन लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दिवाली के दिया जलाएं जन जागरूकता अभियान में प्रमुख रूप से रामकुमार प्रजापति, अभिषेक, हिमांशु, रितेश, नितेश, सत्यम, प्रियांशु, प्रियम, चंचल, पलक, पायल, रश्मि, हरमन जी सिंह, दलजीत कौर, संजय श्रीवास्तव सहित तमाम स्वयंसेवक रहे।

# सेवा सदन द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया

**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा राजस्थान।** सेवा सदन द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के सामने सेवा सदन के द्वारा मशीनों के द्वारा संपूर्ण शरीर की जांच उपलब्ध कराई गई , सेवा सदन के महामंत्री चौधरी मंगल सिंह ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि मशीनों के माध्यम से सॉफ्टवेयर द्वारा नब्ज देखकर जांच कर संपूर्ण शरीर की जांच हो जाती हैं! और रिपोर्ट देखकर आकलन कर आयुर्वेद द्वारा बीमारी का पूर्ण उपचार संभव है आवश्यकता हैं, केवल विश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण की जो कि असंभव को भी संभव बनाता है जैसा कि पिछले लेख में स्पष्ट किया गया है कि आयुर्वेद अनुसार वात,पित्त और कफ को शरीर के तीन स्तंभ कहा गया हैं! उसी प्रकार आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य को भी शरीर के तीन स्तंभ कहा गया है अर्थात यह तीनों भी शरीर को सुचारू रूप से चलाने के लिए उतने ही आवश्यक है उन्होंने बताया कि इसके लिए हमें सर्वप्रथम शरीर को समझना होगा। अथवा जो निरंतर नष्ट होता रहे उसे शरीर कहते हैं यहां पर नष्ट होने का तात्पर्य सिर्फ नष्ट होना ही नहीं है अपितु जिसमें निरंतर परिवर्तन होता रहे, यथा धातुओं का नाश और पुनर्निर्माण चलता रहे, उसे ही शरीर कहेंगे आधुनिक शास्त्रों में इसे ही हम मेटाबॉलिक चेंजेज कह सकते हैं यथा शरीर में निरंतर कंस्ट्रक्टिव चेंजेज तथा डिस्ट्रक्टिव चेंज होते रहते हैं बाल्यावस्था में कंस्ट्रक्टिव चेंजस अधिक तथा डिस्ट्रक्टिव चेंजेज कम होते हैं अतः शरीर में वृद्धि और विकास होता है युवावस्था में दोनों ही कार्य समान रूप से चलते हैं अतः शरीर संतुलित रहता है तथा वृद्धावस्था में डिस्ट्रक्टिव चेंजजेस अधिक होने के कारण शरीर क्षीण होता जाता है प्रथम शरीर की प्रकृति को समझने के बाद हम अब शरीर के उपस्तम्भ के बारे में चर्चा करेंगे प्रथम उप स्तंभ है आहार आहार आहार का अर्थ है संतुलित आहार इसमें हमें समझना होगा कि आहार क्यों कब कैसे और कितना कितना होना चाहिए आहार लेने का उद्देश्य मात्र पेट भरना या स्वाद लेना या शरीर की ताकत को बनाए रखना मानते हैं परंतु इसका सबसे महत्वपूर्ण उपयोग शरीर की कोशिकाओं का निर्माण तथा प्रदूषण होने वाली टूट-फूट की मरम्मत करना है आयुर्वेद अनुसार यदि आहार के बारे में यह समझ बन जाएगी यह स्वास्थ्य को बनाए रखने का महत्वपूर्ण घटक है तभी औषधि का काम भी करेगा




एक संतुलित आहार में निम्न विशेषताओं का होना अनिवार्य हैं!

1. किसी भी खाद्य पदार्थ में आवश्यक तत्व प्रोटीन जो निर्माण तथा मरम्मत का काम करती है

2. काबोर्हाइड्रेट तथा वसा हमें ऊर्जा तथा ऊष्मा देने के लिए आवश्यक हैं!

3. विटामिन्स श्रवण पानी तथा फाइबर शरीर की विभिन्न क्रियाओं को सही बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं यह सभी संतुलित रूप में आवश्यकता अनुसार लिए जाने चाहिए कार्य के स्वरूप तथा उम्र के अनुसार इन्हें नियोजित करने की आवश्यकता हैं!

2. आहार में षट रसों का संतुलन

आहार में अधिकतम छः रसों समावेश खट्टा मीठा नमकीन तीखा कसैला कड़वा हमारे दैनिक आहार में सम्मिलित होना अनिवार्य हैं!

3.क्षारीय तथा अम्लीय आहार का संतुलन स्वस्थ रहने के लिए 80% क्षारीय तथा 20% अमलीय लिए आहार की आवश्यकता होती हैं!

4. उत्तेजक तथा जलन पैदा करने वाले पदार्थों का निष्कासनह्न

जहां चाय कॉफी शराब कोल्ड ड्रिंक तंबाकू सिगरेट बीड़ी सिगरेट आदि उत्तेजना देने वाले हैं वही गरम मसाला, लाल मिर्च,लहसुन आदि जलन पैदा करते हैं इसलिए उत्तेजनात्मक पदार्थों को आहार से निकालना चाहिए।

5. श्वेत जहर

इसके तहत चीनी नमक डालडा रिफाइंड तथा मैदा यह पांच चीजें रोग के मुख्य कारक हैं स्वस्थ रहने के लिए आहार से इन सभी को निकालना अनिवार्य हैं!

6. जीवित तथा मृत भोजन

जितना हम भोजन को पकाते हैं उतना ही वह मरा हुआ होता जाता है प्रकृति द्वारा उत्पन्न पदार्थ को बगैर पकाए खाना जीवित आहार में आता है आज हम जो फास्ट फूड, जंक फूड डिब्बाबंद या बाजार में पकी पकाई वस्तुएं खाते हैं उनमें ऐसे रसायन मिले होते हैं जो उसे स्वादिष्ट बना देते हैं पर स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसान दाई होते हैं इनसे बचना चाहिए।

7. जो आहार हम लेते हैं उसमें पर्याप्त मात्रा में फाइबर का होना अनिवार्य है! यह झाडू लगाने का काम करता है चिकने चिकने पदार्थ खाते रहने से कब्ज पैदा होती है जो रोग का कारण बनते हैं इससे बचने के लिए छिलके सहित खाने वाला अन्य जैसे दाल छिलके सहित तथा आटा चोकर सहित खाना स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

8. आहार कब जब भूख लगे तब समय पर खाना अर्थात भूख लगने पर ही खाना है भूख में हर वस्तु स्वादिष्ट लगती है जो मिलता है उसी में स्वाद आता है भूख लगने पर खाई गई वस्तु ठीक से पचती हैं!

9. आहार कितना स्वस्थ रहने के लिए अल्प भोगी अर्थात मिताहार होना चाहिए कम खाना तथा गम खाना दोनों ही स्वास्थ्य के लिए अच्छे रहते हैं

इसी प्रकार भोजन से आधा घंटा पूर्व या 1 घंटा बाद प्यास लगने पर पानी पीना स्वास्थ्यवर्धक हैं! उन्होंने बताया कि आज के कृत्रिम जीवन शैली में जीने वालों के लिए तो आहार पर नियंत्रण करना अर्थात समझ बढ़ाकर करना और भी आवश्यक हैं! उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए यदि हम उपरोक्त बिंदुओं को ध्यान में रखकर स्वस्थ आहार ले तो काफी हद तक रोग से बचा जा सकता हैं! इस अवसर पर उन्होंने सेवा सदन द्वारा निर्मित अमृत मधुआष्टी चूर्ण के बारे में बताया उन्होंने कहा कि यह पुरानी से पुरानी कब्ज त्वचा संबंधित बीमारियों को खत्म कर आंतों को सुचारू रूप से कार्य करने में मदद करता हैं, उन्होंने शिविर में उपस्थित अतिथियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों मानसिंह, शालिनी, रमेश चंद्र, सुशीला जैन, एस. सी. जैन, किरण चौधरी, सुनीता को निशुल्क गिलोयअमृत एवंम मधुयष्टादी चूर्ण, त्रिफला , गौक्षुरादि चूर्ण आदि वितरित किए। इस मौके पर सेवा सदन के रीतू अग्रवाल नजमा सेफी, प्रिया रानी, गीता चौधरी, मोनिका खंतवाल, अनमोल शिंदे, रितु अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।



गुलाब को जिंदगी का पहला गुजराती सिने मीडिया अवार्ड मिला गुलाब के पिता तम्मनभाई सलाट हाथ मजदूर का काम करके अपने बेटे को एक बेहतर जगह दिलाने की कोशिश कर रहे थे। गुलाब ने घर में आर्थिक तंगी के कारण मैत्री विद्यालय से कक्षा-8 तक की पढ़ाई की। गुलाब स्लेट एक्शन अभिनेता द्वारा प्रतिभा को एक अच्छी जगह पर लाया गया है जिसमें गुलाब सक्षम किया गया है। उसने अब तक 17 फिल्मों में अभिनय किया है। अगली फिल्म हिंदी बॉलीवुड है जिसमें वह नायक की भूमिका निभाएगा।फिल्म्स बॉलीवुड 2 आगामी फिल्म गुलाब है जिसका एक्शन हीरो गुलाब सलात एक और फिल्म क्रांतिवीर है छेदा पासी जिसकी शूटिंग कानपुर लखनऊ इलाबाद कलकत्ता दिल्ली में होगी

# समाज सेवक गौरव अनिल शाह जी कौ इंटरनेशनल से सम्मानित किया



समाजसेवक गौरव अनिल शाह जी कौ इंटरनेशनल The American University USA और DPIAF की ओर से Doctorate Degree दिया गया साथ मे कोविड योद्धा, बिजनेस ग्लोबल अवार्ड भी दिया गया, वैसे तो गौरव शाह जी ने बहुत ही कम उम्र मे इनका समाज के लिए सेवाभावी काम करने का तरीका देख के कही सारे खिताब हासिल कर चुके है और इनसे काफी युवा लोगो कौ प्रेरणा भी मिलती है पिछले ७ साल से उनके लेट अनिल एम शाह फाउंडेशन से जरूरतमंद लोगों कौ खाना, राशन, दवाई, हस्पताल का बिल, ब्लेड डोनेशन कैंप, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत लडकी लोगो कौ स्कूल फीस, कॉलेज फीस मे मदद ऐसे कही सारे काम उनके फाउंडेशन की और से करते है साथ ही मे डीपीआईएएफ की पूरी टीम और उनके चेयरमेन कल्याणजी जाना का भी शुक्रिया अदा किया।




मढ़ में दिनांक 25 अक्टूबर को जय मां इटलाई चैरिटेबिल ग्रुप द्वारा महापूजा एवं भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित कई मान्यवरों ने आयोजक श्री शोहित दादा गरिया जी को जन्मदिन की बधाई भी दी!

# जन्मदिन पर मानव सेवा समिति के सहयोग से पौधे लगाकर ट्री गार्ड फिट किए गए

**रिपोटर्स सैय्यद अलताफ हुसैन**

**अबोहर।** मानव सेवा समिति द्वारा पर्यावरण को बेहतर बनाने की सेवा में अपना योगदान देते हुए मार्किट कमेटी,अबोहर के कर्मचारियों हरप्रीत सिंह और सिमरजीत सिंह द्वारा अपने जन्मदिन की खुशी में नई अनाज मंडी के अंदर बने फुटपाथ पर पौधे लगाए गए और पर्यावरण प्रेमी राकेश सहगल द्वारा खुशी स्वरूप पौधा लगाने की सेवा की गई।इस सेवा की जानकारी देते हुए पर्यावरण कमेटी के प्रधान संजय मानव ने बताया कि संस्था द्वारा सोशल मीडिया पर अक्सर मैसेज पोस्ट किया जाता है कि अपने जिंदगी के यादगार पलों पर संस्था के माध्यम से पौधा लगवा सकते हैं। संस्था द्वारा पौधारोपण की सेवाओं में अपना योगदान देने और खुशी के पल को यादगार बनाने के मकसद से हरप्रीत सिंह और सिमरजीत सिंह द्वारा अपने जन्मदिन की खुशी में मानव सेवा समिति के माध्यम से सड़क किनारे फुटपाथ पर पौधे लगाए गए हैं। इनके अलावा पर्यावरण प्रेमी राकेश सहगल द्वारा संस्था के पर्यावरण संरक्षण अभियान में एक पौधा लगाकर ट्री गार्ड फिट करने की सेवा में अपना योगदान दिया गया। सेवा संस्था के प्रमुख सेवादार सुभाष मानव की अगवाई में संस्था के सेवादारों सुभाष (पीएसपीसीएल), महिंदर कुमार, रोशन लाल और संजय मानव द्वारा निभाई गई।सेवा के दौरान सभी के साँझे विचार रहे कि हरेक इंसान को साल में कम से कम एक पौधा तो जरूर लगाना चाहिए क्योंकि वातावरण से ही हम पर अनुकूल प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और हमारे वातावरण को संवारने या बिगाड़ने के लिए हम खुद जिम्मेवार हैं।मानव सेवा समिति की तरफ से हरप्रीत सिंह, सिमरजीत सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गई और राकेश सहगल सहित सबका हार्दिक धन्यवाद किया गया।परमात्मा से प्रार्थना है कि इस सेवा में किसी भी रूप में शामिल रहे हर शख्स के जीवन में आनंद हो और इतना आनंद हो कि सेवादार से मिलने वाले हर शख्स पर भी सुकून की छाप पड़े बिना ना रहे।अगर कोई भी शख्स अपनी जिंदगी के किसी चुनिंदा पल को सेवा के जरिए यादगार बनाना चाहता है तो वह मानव सेवा समिति के दफ्तर भगत नामदेव चौक, अबोहर आ सकता है या मोबाइल नंबर 9501101527 पर संपर्क कर सकता है।



# डंगरखेड़ा में किया गया सफाई अभियान



**रिपोर्टर सैय्यद अलताफ हुसैन**

**अबोहर।** समाज सेवा के क्षेत्र में अहम भूमिका निभा रही सुप्रसिद्ध समाजसेवी संस्था मानव सेवा समिति की शाखा डंगर खेड़ा के सेवादारों द्वारा आज तीसरे सप्ताह भी अबोहर-फाजिल्का नेशनल हाईवे पर रेलवे पुल के नीचे सफाई अभियान चलाया गया।जानकारी देते हुए संस्था के सेवादार सुभाष मानव ने बताया कि अबोहर-फाजिल्का नेशनल हाईवे पर गांव डंगरखेड़ा के पास रेलवे पुल के इर्द-गिर्द असामाजिक तत्व भारी मात्रा में कूड़ा करकट फैंक कर गंदगी फैला रहे हैं, इस गंदगी के कारण बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है जिसके मद्देनजर संस्था की शाखा डंगर खेड़ा के सेवादारों द्वारा पिछले तीन सप्ताह से लगातार स्वच्छ भारत मुहिम के तहत महा सफाई अभियान किया जा रहा है लेकिन हैरानी की बात तब हुई जब आज संस्था के सेवादारों की टीम सफाई करने के लिए गई तो देखा कि पिछले सप्ताह जिस जगह पर सफाई की गई थी वहां पर असमाजिक तत्वों द्वारा दोबारा भारी मात्रा में कूड़ा करकट फेंका हुआ था, इस कूड़ा करकट को हटाने में सेवादारों की काफी मेहनत लगी। संस्था द्वारा सभी आमजन से अपील की जाती है कि आप अपने घरों तथा आसपास के एरिया में सफाई रखें और सिर्फ निश्चित स्थानों पर ही कूड़ा करकट फेंके, ताकि बीमारियों से बचा जा सके और तंदरुस्त समाज की सिरजणा हो सके।इस सफाई अभियान में संस्था के सेवादारों सतपाल, राजिंदर कुमार, सोहन लाल, धर्मपाल, आकांक्षा देवी, ज्योति देवी, काव्या ने भाग लिया, संस्था के मुख्यालय से सेवादार बलविंदर, राम कुमार, रोशन लाल और सुभाष मानव भी सफाई अभियान में शामिल हुए। संस्था द्वारा सभी सेवादारों के मंगलमय जीवन के लिए परमात्मा के चरणों में अरदास की जाती है।

# किसानों को बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दे सरकार: उस्मान



भाकियू अन्नदाता ने विकास भवन में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित 5 सूत्रीय ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के कार्यकर्ता विकास भवन परिसर में एकत्रित हुए तथा बाढ़ से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी गजल भारद्वाज को सौंपा इससे पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष उस्मान अली पाशा ने कहा सरकार के साथ-साथ रामपुर जिला प्रशासन ने भी किसानों को नजरअंदाज करना शुरू कर दिया है क्योंकि किसानों की फसलें बर्बाद हुए 1 सप्ताह से अधिक समय हो गया लेकिन अभी तक किसी भी तहसील में नुकसान का आकलन करना भी शुरू नहीं किया गया है उल्टा तहसील तथा बिजली कर्मी किसानों पर वसूली के लिए अनावश्यक दबाव बना रहे हैं जबकि खरीफ फसल बर्बाद होने के कारण किसान के पास आर्थिक संकट खड़ा हो गया है और वह अपने रवि फसल की बुवाई भी नहीं कर पा रहा उन्होंने चेतावनी दी अगर बिजली और राजस्व विभाग ने किसानों पर वसूली के लिए दबाव बनाना बंद नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता चुप नहीं बैठेगी और वसूली के लिए आए हुए सरकारी कर्मचारियों को बंधक बनाएगी उन्होंने आगे कहा बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य शाखा का स्टाफ ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहा है इस संबंध में कई बार लीड बैंक अधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया है लेकिन आज तक कोई संतोषजनक कार्रवाई नहीं की गई उन्होंने जल्दी ही बैंक के खिलाफ मोर्चा खोलने का ऐलान किया। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष अब्दुल हफीज महिला मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष शबाना खान जीनत खान शावेज खान मोहम्मद नाजिम रागिव खान नगमा खान आकिल खान तय्यब अली दानिश मियां समीर खान परवीन संजीव राजपूत अरुण कुमार राजेंद्र कश्यप आदि लोग रहे



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कुशेश्वरस्थान एसेम्बली हल्का मैं जनाब वसीम अहमद साहब ने जनता दल यूनाइटेड के उम्मीदवार अमन भुशन हजारी कि हिमायत मे इनतेखाबी मोहीम चलाई



**संवाददाता / मो सालिम आजाद,**

**मधुबनी।** रियासत में होने वाले जमुनी इंतखाब के तहत कुशेश्वरस्थान असेंबली हल्का में जनता दल यूनाइटेड के अकेले टी सेल के नव सदर जनाब वसीम अहमद साहब ने इस हल्का के ब्लॉक और पंचायत समिति दर्जनों जगह पर जलसा हमसे खता किया। इस मौका पर इन्होंने कहां के वजीर आला नीतीश कुमार तालीम याफ्ता बिहार बनाने में काम कर रहे हैं और नीतीश कुमार के जरिया अरे क्या थी काम है की जाल बिछा दी और उन्होंने कहा के वजीर आला हदीस कुमार जब से बिहार हुकूमत की बागडोर संभाली है। तब से बिहार की तेज रफ्तार तरक्की हो रही है। बिजली सेहत सड़क और तालीम समेत हर अलका में तरक्की के वेदर काम किए हैं। उन्होंने कहा कि उसे स्वर्ग स्थान में वजीर आला नीतीश कुमार बड़े दामाद करते हुए जनता दल यूनाइटेड को अमन भूषण हजारी की हिमायत में बेहतर है आराम से जनता दल यूनाइटेड को कामयाब बनाने की अपील की है तकलीफ से जनता दल यूनाइटेड अगले टी सेल के नाम सदर जनाब वसीम अहमद साहब एमएलसी सुधांशु शेखर प्रोफेसर गुलाम गौस शहर शादी का दम एजाज अहमद लालबाबू मशहूर आलम समेत बड़ी तादाद में जिगर पार्टी कार पुणे मौजूद थे।

# खामगांव कोर्ट का फैसला नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

**बुलढाणा।** मानसिक रूप से विक्षिप्त नाबालिग लड़की का यौन शोषण करने के आरोप में नरधमास को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। खामगांव कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाया। तालुका के बोरी अडगांव की एक 13 वर्षीय लड़की 22 जनवरी, 2020 को घर पर अकेली थी। यह देख घर में कोई नहीं है और उसके अकेलेपन का फायदा उठाकर उसी गांव के 32 वर्षीय सुरेश किसान सुरवड़े ने दोपहर के करीब उसका यौन शोषण किया. शाम को जब उसकी दादी और मौसी घर आए तो पीड़िता ने उन्हें सच बता दिया। 23 जनवरी, 2020 को पीड़िता और उसके परिजन ग्रामीण थाने पहुंचे। गतिमंद विद्यालय की विशेषज्ञ शिक्षिका सरिता पाटिल ने दुभाषिए के जरिए पीड़िता से बातचीत की। उनकी मदद से पुलिस में शिकायत दर्ज कराई



गई। इस शिकायत के आधार पर ग्रामीण पुलिस ने आरोपी सुरेश सुरवड़े के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। तब से ही आरोपी जेल में हैं। जबकि घटना की जांच तत्कालीन पुलिस निरीक्षक रफीक शेख ने की थी और यहां की अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया था। मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान आठ गवाहों का परीक्षण कराया गया। पीड़िता, उसकी दादी डॉ. मनीषा बंटे, पीएसआई रोशनी अहिरे की गवाही अहम थी। गवाहों की गवाही और सरकारी वकील की दलीलों को ध्यान में रखते हुए जिला सत्र न्यायालय की विशेष न्यायाधीश प्रज्ञा एस. काले ने आरोपी सुरेश सुरवड़े को धारा 376 (2) और 377 (3) के साथ-साथ बाल यौन शोषण की धारा (6) के तहत 20 साल के कठोर कारावास और 50,000 रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई। भांडवी को दंड संहिता की धारा 377 के तहत जुमार्ना अदा न करने पर दो साल के सश्रम कारावास, पांच साल के कठोर कारावास और एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। सत्ता पक्ष की ओर से सरकारी अभियोजक रजनी बावस्कर भालेराव ने काम देखा। पीएसआई कलीम बेग, पोहेको पी। सी। बोरसे ने सहायता की।



# ॲड.जयश्रीताई शेळके कि प्रयासों से साखळी बु. अंगणवाडी कार्य पूर्ण

चिखली तहसील के साखळी बु. मे अंगणवाडी केंद्र क्र. २ व केंद्र क्र. ६ भवन का निर्माण जि.प सदस्य ॲड. जयश्रीताई शेलके के प्रयासों से पूरा हुआ है। इस बीच, 26 अक्टूबर को जिला परिषद की महिलाओं और निर्माण अध्यक्षों द्वारा भवनों का उद्घाटन किया गया।आंगनबाडी ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाडी में संचालित सूचना केन्द्र है। आंगनबाडी में महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है। आंगनबाडी 3 से 5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसलिए आंगनबाडी ज्ञान का मंदिर है।गांव में कुल 8 आंगनबाडी केंद्र हैं। लेकिन किसी भी आंगनबाडी के पास अपना ईमारत नहीं थी। आंगनबाडी केंद्रों का अपनी ईमारत होनी चाहिए। इसके लिए जनप्रतिनिधि के रूप में जिला. प सदस्य ॲड, जयश्रीताई शेळके ने भी इसका अनुसरण किया।आंगनबाडी केन्द्र, जिला के लिए ग्राम पंचायत से स्थान उपलब्ध कराने के क्रम में जि. प के मुख्य कार्यकारी अधिकारी षण्मुगराजन एस.उनकी अध्यक्षता में एक बैठक का भी आयोजन किया गया था।इसलिए आंगनबाडी केंद्रों के लिए जगह की समस्या को दूर किया जा सकता है। आंगनबाडी न. 2 औरजिला वार्षिक योजना से छठे भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस बीच, दोनों भवनों का उद्घाटन 26 अक्टूबर को जिला परिषद महिला एवं बाल कल्याण अध्यक्ष ज्योतिताई पडघान द्वारा किया गया। इस अवसर पर पं. स. सभापती उषाताई चाटे, सरपंच सुनीताताई भगत, अशोकराव पडघान सरपंच सौ.सुनिताताई भास्कर भगत, ग्रा. स.सौ.विजयाताई अनिल कोळसे, सौ.शिलाताई शंकर सुरडकर, सौ.कमलबाई आंबादास चौथनकर, सौ.वषार्ताई श्रीकांत आराख, सौ.रेखाताई श्रीराम बोराडे, सय्यद अन्सार सैय्यद अक्तर, माजी सरपंच श्री.मोतीभाऊ लवंगे, साखळी सर्कल समन्वयक साथ गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

# पीड़ित पत्रकारों के लिए प्रतिबद्ध हैं भारतीय ग्रामीण पत्रकार संघ

**मुंबई हलचल ब्यूरो / भैरु सिंह राठौड़**

**भीलवाड़ा (राजस्थान)।** देश में पत्रकारों के हितार्थ बने देश के सबसे बड़े पत्रकार संगठन भारतीय ग्रामीण पत्रकार संगठन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष भैरु सिंह राठौड़ ने कहा हैं कि संगठन हमेशा पत्रकारों के हितार्थ प्रतिबद्ध हैं और रहेगा! पत्रकार संगठन की सदस्यता हेतु देश में कहीं से भी कोई भी प्रिंट मीडिया के दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्रों से जुड़े पत्रकार तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े पत्रकार संगठन की सदस्यता ले सकते हैं! इसके लिए कोई भी पत्रकार संगठन के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष भैरु सिंह राठौड़ के भीलवाड़ा



में स्थित राजस्थान प्रदेश कार्यालय या राठौड़ के फोन नंबर 09799988158, 08094188158 पर संपर्क कर सकते हैं! राठौड़ ने कहा कि देश में किसी भी पीड़ित पत्रकार के साथ होने वाली अनहोनी घटनाओं को संगठन द्वारा गंभीरता से लेकर शासन प्रशासन तक पहुँचाया जाकर उस पीड़ित पत्रकार को हर हाल में इंसाफ दिलाने के लिए संगठन हमेशा प्रतिबद्ध हैं! राठौड़ ने पत्रकारों से सर्वाधिक संख्या में पत्रकार संगठन से जुड़ने की अपील की हैं!

# केंद्र सरकार ने तेल एवं तिलहन की स्टॉक सीमा को लेकर राज्यों पर बनाया दबाव

**संवाददाता,**

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन विभाग ने अपने आदेश दिनांक 08.10.2021 पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण मांगा और खाद्य तेलों पर स्टॉक सीमा के संबंध में 12.10.2021 और 22.10.2021 को बाद में रिमाइंडर मांगा। केंद्र ने सभी राज्यों / केंद्रशासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उपभोक्ताओं को खाद्य तेलों की स्टॉक सीमा पर केंद्र की पहल का लाभ मिले। केंद्र ने त्योहारी सीजन से पहले सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में स्टॉक सीमा अधिसूचना जारी करने की प्रक्रिया को तेज करने की भी सलाह दी। इस संबंध में, उत्तर प्रदेश ने नेतृत्व किया है और सूचित किया है कि उन्होंने पहले ही 12 अक्टूबर, 2021 को स्टॉक सीमा आदेश जारी कर दिया है जिससे कीमतों में नरमी आएगी। हालांकि, अन्य राज्य या तो हितधारकों के साथ परामर्श कर रहे हैं या पहले ही राज्य सरकार को अनुमोदन के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत कर चुके हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए, संयुक्त सचिव डीएफपीडी, ने जोर देकर कहा कि प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा उनके उपभोग पैटर्न के आधार पर स्टॉक सीमा को अधिसूचित किया जाना है। राजस्थान, गुजरात और हरियाणा राज्यों ने पहले ही राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत कर दिया है और स्टॉक सीमा जल्द ही लागू होने की उम्मीद है। महाराष्ट्र, ओडिशा, केरल, झारखंड, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, त्रिपुरा, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ ने स्टॉक सीमा तय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है और जल्द ही विभिन्न वर्गों



के लिए प्रासंगिक सीमाएं अधिसूचित करेंगे। केंद्र ने पहले अपने आदेश में राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि खाद्य तेलों की उच्च कीमतों से तत्काल राहत प्रदान करने के लिए केंद्र द्वारा की गई शुल्क कटौती का पूरा लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाए, खासकर आगामी त्योहारी सीजन के दौरान इससे खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी और खाद्य तेलों की कीमतों में कमी कर आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। ऊ्रढऊ खाद्य तेलों की कीमतों और उपभोक्ताओं को इसकी उपलब्धता की बारीकी से निगरानी कर रहा है। यह आगामी त्योहारी सीजन के संदर्भ में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जिसमें खाद्य तेलों की मांग बढ़ेगी। सरकार द्वारा पहले ही विभिन्न कदम उठाए जा चुके हैं जैसे सभी राज्यों और खाद्य तेल उद्योग संघों के साथ बातचीत के आधार पर, स्टॉक प्रकटीकरण अधिसूचना जारी की गई है और डीएफपीडी ने साप्ताहिक आधार पर खाद्य तेलों / तिलहन के स्टॉक की निगरानी के लिए एक वेब पोर्टल बनाया है। अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैट के महानगर अध्यक्ष श्री शंकर ठक्कर ने कहा एक तरफ त्योहारों के चलते बाजारों में मांग बढ़ रही है दूसरी तरफ सरकार लगातार स्टॉक सीमा का दबाव बना रही है ऐसे में बाजारों में घबराहट के चलते व्यापारियों में अपने पास माल रखना कम कर दिया है जिससे त्योहारी सीजन में आपूर्ति बाधित हो सकती है सरकार को इस विषय को भी गंभीरता पूर्वक सोचना चाहिए पिछले करीब 1 महीने से दाम नियंत्रण में और बाजारों मैं तेजी की वजह विदेशी बाजारे हैं दूसरी वजह पेट्रो एनर्जी में तेजी के चलते भी विदेशी बाजारे तेज हो रही है। संघ के महामंत्री श्री तरुण जैन ने कहा सरकार ने जिन राज्यों में तिलहन की खेती ज्यादा नहीं हो रही है एवं अधिकतर तेल विदेशों से या दूसरे राज्यों से मंगवाना पड़ता है उन राज्यों को स्टॉक सीमा से बाहर रखना चाहिए।

हल्दी का इस्तेमाल सदियों से औषधि के रूप में किया जा रहा है। इसका सेवन शरीर के विषैले तत्वों को निकालने, खून साफ करने और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है। कई बार दूध न पसंद करने वाले लोग, हल्दी वाला दूध पीने से हिचकिचाते हैं। ऐसे में आप चाहें तो हल्दी का जूस बनाकर भी पी सकते हैं। आइए आज आपको बताते हैं हल्दी वाला जूस बनाने की विधि और साथ ही इसके फायदों के बारे में...

## हल्दी वाला जूस बनाने का तरीका...

एक कच्ची हल्दी का टुकड़ा लें, उसें मिक्सी में डालकर अच्छी तरह पीस लें। पीसने के बाद उसमें 1 नींबू का रस, 1 टीस्पून नमक और २ चम्मच शहद के डालकर ब्लेंड कर लें। गर्मियों में इस जूस का सेवन हफ्ते में केवल २ ही बार करें, मगर सर्दियों में इसका सेवन ३ से 4 बार आसानी से कर सकते हैं। हल्दी की तासीर थोड़ी गर्म होती है। ऐसे में इसका सेवन थोड़ा संभलकर ही करें।

# जानिए नींबू पानी में हल्दी मिलाकर पीने के 5 फायदे



## हल्दी के फायदे...

**● कैंसर में फायदेमंद**

कच्ची हल्दी में कैंसर से लड़ने के गुण होते हैं। इस जानलेवा बीमारी से लड़ने के लिए आप रुटीन में हल्दी वाले जूस का सेवन करें। कीमोथैरेपी के दौरान इसका सेवन अपने डॉक्टर से पूछे बगैर मत करें। पुरुषों में होने वाले प्रोस्टेट कैंसर के सेल्स को बढ़ने से रोकने में भी हल्दी बहुत सहायक सिद्ध होती है।

**● जोड़ों में दर्द**

शरीर में किसी भी तरह के दर्द के लिए हल्दी बहुत फायदेमंद होती है। हल्दी का जूस पीने से शरीर में सूजन, गठिया, फ्री रेडिकल्स और जोडों में दर्द की समस्या से राहत रहती है।

**● इंसुलिन स्तर**

हल्दी बॉडी में इंसुलिन स्तर को बैलेंस रखने में मदद करती है। जिससे आपको डायबिटीज होने का खतरा कम हो जाता है। एंटीबैक्टीरियल और एंटी सेप्टिक गुणों वाली हल्दी एक नहीं कई तरह के रोगों से आपके शरीर को मुक्त रखती है।

**● त्वचा के लिए फायदेमंद**

चेहरे पर हल्दी लगाना जितना जरुरी है उतना ही इसका सेवन करना भी आवश्यक है। हल्दी आपके लिवर की सफाई करने में मदद करती है। आपका लिवर जितना हेल्दी होगा उसका पूरा असर आपके चेहरे पर दिखेगा।

**● वजन कम करने में मददगार**

यदि आप हल्दी का जूस गुनगुने पानी में बनाकर पीते हैं तो इससे आपका वजन भी बहुत तेजी से कम होगा। तो इस तरह हल्दी का जूस पीकर आप एक नहीं बल्कि अनेक बीमारियों से दूर रह सकते हैं।

# कलौंजी से करें अस्थमा का इलाज, मिलेंगे और भी कई फायदे



आयुर्वेद में ऐसी कई नेचुरल चीजें है जो बिना किसी साइड इफैक्ट्स आपकी हर प्रॉब्लम को दूर करने में मदद करती है, उन्हीं में से एक है कलौंजी। आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर कलौंजी में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन ओमेगा फैटी एसिड और एंटी-हिस्टेमीन गुण होते हैं, जिससे आप अस्थमा से लेकर ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल में रख सकते हैं। साथ ही इससे वजन घटाने में भी काफी मदद मिलती है।

## कैसे करें कलौंजी का इस्तेमाल ?

➤कलौंजी के बीजों को पीसकर गर्म दूध में मिक्स करके पीएं। आप चाहें तो इसका काढ़ा बनाकर भी पी सकते हैं।

➤अस्थमा के लक्षणों से राहत पाने के लिए आप शहद के साथ भी कलौंजी के बीज के तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

➤इसके अलावा कलौंजी का यूज आप दाल, सब्जियों और चपाती में भी कर सकते हैं।

**चलिए आज हम आपको बताते हैं कलौंजी के कुछ जबरदस्त फायदे और इस्तेमाल करने का तरीका...**

**ब्लड शुगर कंट्रोल** - अगर आप डायबिटीज के मरीज है तो कलौंजी आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं। रोज सुबह एक कप ब्लैक टी में 1/2 टीस्पून कलौंजी तेल मिलाकर पिएं। इससे ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहेगा।

**लिवर डिटॉक्स** - प्रोटेक्टिव इफेक्ट, एंटीऑक्सीडेंट गुण ना सिर्फ लिवर बल्कि पूरी बॉडी को डिटॉक्स करते हैं। साथ ही इससे किडनी इंफेक्शन का खतरा भी कम होता है। आप इसे नियमित रूप से पानी में उबालकर पी सकते हैं।

**सिरदर्द से छुटकारा** - सिरदर्द की छुट्टी करने के लिए कलौंजी का काढ़ा बनाकर पिएं या इसके तेल से मालिश करें। आपको तुरंत आराम मिल जाएगा।

**अस्थमा के लिए कलौंजी** - अस्थमा की रोकथाम के लिए कई दवाएं मौजूद हैं लेकिन इनके कई साइड इफैक्ट भी होते हैं। ऐसे में आप कलौंजी से अस्थमा का इलाज कर सकते हैं। इसमें मौजूद थाइमोक्विनोन अस्थमा के लक्षणों को काबू करता है।

**सर्दी-खांसी, कफ** - 1/2 चम्मच कलौंजी, अदरक का रस और 1 चम्मच शहद को मिलाकर दिन में 2 बार पीएं। इससे सर्दी, कफ, जुकाम और पुरानी से पुरानी खांसी दूर हो जाएगी।

**जोड़ो का दर्द** - कलौंजी के तेल से मालिश करने से आपका जोड़ो, घुटनों, कमर दर्द और मांसपेशियों का दर्द गायब हो जाएगा।

**वजन घटाना** - सुबह खाली पेट 1 चम्मच कलौंजी के तेल को गुनगुने पानी के साथ लें। इससे मेटाबॉलिज्म तेज होगा और आपको वजन घटाने में मदद मिलेगी।

**दिल की बीमारी** - कलौंजी में 1 टीस्पून तेल और दूध मिला कर रोजाान सेवन करने से दिल का हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। साथ ही इससे कोलेस्ट्राल भी कंट्रोल में रहता है, जिससे आप दिल की बीमारियों से बचे रहते हैं।

**आंखों के लिए फायदेमंद** - एक गिलास गाजर के जूस में 10 बूंदे कलौंजी का तेल डाल कर पीने से आंखों की रोशनी तेज होती है। इसके अलावा इससे आंखों में सूजन, दर्द और इंफेक्शन की समस्यां भी दूर हो जाती है।

**मुंहासों की समस्या** - नींबू का रस और कलौंजी का तेल मिलाकर रोजाना त्वचा की मसाज करें। इससे ना सिर्फ मुहांसे दूर होंगे बल्कि यह दाग-धब्बों से भी छुटकारा दिलाएगा।

**डेड स्किन** - कलौंजी के पेस्ट में ऑलिव ऑयल मिलाकर चेहरे पर लगाने से डेड स्किन निकल जाती है। इसे अलावा सांवलापन दूर होता है।

**पिंपल्स** - पिंपल्स की समस्या हर किसी को परेशान करती है। नींबू के रस में कलौंजी का पेस्ट मिलाकर लगाने से पिंपल्स की समस्या दूर हो जाती है।

**बालों का झड़ना** - आजकल झड़ते बालों की समस्या हर महिला की है। अगर आप भी झड़ते बालों से परेशान है तो कलौंजी, मेथीदाने के पेस्ट में नारियल का तेल मिलाकर लगा सकते है। इससे बाल का झड़ना बंद हो जाता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


